सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	***Published by Authority***
आश्विन 22, बुधवार, शाके 1942–अक्टूबर 14, 2020 *Asvina 22, Wednesday, Saka 1942–October 14, 2020*	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियों आदि।

स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, अक्टूबर 14, 2020

संख्या एफ10( )चुनाव/स्वा.शा./20/1970 :-चूंकि राज्य के जयपुर जिले की नगर निगम जयपुर हैरिटेज, जोधपुर जिले की नगर निगम जोधपुर उत्तर एवं कोटा जिले की नगर निगम कोटा उत्तर का साधारण निर्वाचन प्रथम चरण में दिनांक 29.10.2020 को किया जाना है एवं जयपुर जिले की नगर निगम जयपुर ग्रेटर, जोधपुर जिले की नगर निगम जोधपुर दक्षिण तथा कोटा जिले की नगर निगम कोटा दक्षिण का साधारण निर्वाचन द्वितीय चरण में दिनांक 01.11.2020 चरण में किया जाना है।

अत: राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 (अधिनियम सं. 18) की धारा 11 की उप धारा (3) के उपबन्धों के अनुसरण में, राज्य निर्वाचन आयोग की अनुशंषा पर, ऊपर वर्णित नगरनिगमों के रिक्त स्थानों को भरने के लिए राज्य सरकार एतद्द्वारा प्रथम चरण के लिए मतदान की तिथि 29.10.2020 एवं द्वितीय चरण के लिए मतदान की तिथि 01.11.2020 नियत करती है, और ऊपर वर्णित नगर निगमो के वार्डो के मतदाताओं से यह अपेक्षा करती है कि वह सदस्य पद के स्थानों को भरने के लिए उक्त अधिनियम एवं तद्धीन बनाए गए नियमों और आदेशों के उपबन्धों के अनुसार अपने वार्ड के लिए एक सदस्य निर्वाचित कर दें।

राज्यपाल की आज्ञा से,
दीपक नन्दी,
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव।

3416

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।